Roll No. .... Total Pages : 3

GSQ/D-20 **960**

HINDI (COMPULSORY)

Time allowed : 3 Hours *Maximum Marks : 40*

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमशः दे ।

1. निम्नलिखित काव्यांशों में से किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या करें : 6+6=12

(क) वह सामरिक सिद्धान्त भी औदार्यपूर्ण पवित्र था –
थी युद्ध में ही शत्रुता, अन्यत्र वैरी मित्र था ।
जय लोभ में भी छल कपट आने न पाता पास था,
प्रतिपक्षियों को भी हमारे सत्य का विश्वास था ।।

(ख) बीती विभावरी जाग री
अम्बर पनघट में डूबो रही
तारा घट उषा नागरी
खग–कुल कुल–कुल सा बोल रहा
किसलय का अंचल डोल रहा
लो यह लतिका–सी भर लाई
मधु मुकुल नवल रस गागरी ।

(ग) अब नही आती पुलिन पर प्रियतमा,
श्याम तृण पर बैठने को निरुपमा ।
बह रही है हृदय पर केवल अमा;
मैं अलक्षित हूं यही
कवि कह गया है ।

(घ) गीत, अगीत, कौन सुन्दर है ?
गाकर गीत विरह के तटिनी
वेगवती बहती रहती है,
दिल हल्का कर लेने को
उपलों को कुछ कहती जाती है ।

2. सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला अथवा मैथलीशरणगुप्त का साहित्यिक परिचय दीजिए । 6

3. निम्नलिखित निबंधों में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए ।

(क) समाचार पत्रों का महत्व

(ख) मानवाधिकार

(ग) दूरदर्शन

(घ) वैज्ञानिक प्रगति मे भारत का योगदान

(ङ) मद्य–निषेध 8

4. मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार की ओर से जिला उपायुक्त, करनाल को एक पत्र लिखिए, जिसमें कोरोना महामारी से बचने के उपाय एवं निर्देश दिए गए हो ।

अथवा

भारत सरकार के गृह मंत्रालय के सचिव की ओर से मुख्य सचिव हरियाणा सरकार को एक पत्र लिखिए, जिसमें हरियाणा की कानून व्यवस्था में सुधार बारे निर्देश दिए गए हो । 9

5. निम्नलिखित वैज्ञानिक शब्दावली में से किन्ही पाँच का अर्थ लिखिए – 5

(i) Amplifier
(ii) Capillary
(iii) Cluster
(iv) Compound
(v) Diffusion
(vi) Equivalent
(vii) Formula
(viii) Gland
(ix) Heater
(x) Hybrid.